
दैनिक भास्कर
जमशेदपुर, शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024
dainikbhaskar.com

# एनएसयू : मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 12 स्टूडेंट्स का अडानी ग्रुप में चयन



एजुकेशन रिपोर्टर | जमशेदपुर

नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय (एनएसयू) की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें गुजरात स्थित अडानी ग्रुप ने विश्वविद्यालय के 12 विद्यार्थियों का चयन किया। प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने शिरकत की। 12 विद्यार्थियों का कंपनी में डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी के पद पर चयन किया गया। कंपनी ने गुजरात स्थित अपने कार्यालय के लिए मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से सरण कुमार गोप, बिट्टू पात्रो, समीर अंसारी, सौरभ कुमार, अखिलेश सिंह, गोवर्धन महतो, एमडी अदनान, सूरज महतो, जयराम महतो, रोहित कुमार, रंजीत महतो और रौनित शर्मा का चयन किया। चयनित विद्यार्थियों को आरंभ में 2.50 लाख का औसतन वार्षिक वेतन प्राप्त होगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इनकी दक्षता एवं कार्य दायित्व के अनुसार वेतन वृद्धि की जाएगी। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।